संख्या- ए. 20011/30/2018- हिन्दी

भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार)

खंड-9, कें.स. का. परिसर
लोधी रोड, नई दिल्ली -3
दिनांक- 20 सितम्बर, 2022

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार में हिंदी पखवाड़ा वर्ष 2022 का आयोजन।

समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों में दिनांक 14 सितम्बर 2022 से 29 सितम्बर 2022 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार मुख्यालय और अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशनों में हिंदी पखवाड़ा के दौरान हिंदी कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

तिथि व दिन	समय	कार्यक्रम का विवरण	प्रतिभाग
14/09/2022 (सोमवार)	1200 बजे	**हिंदी पखवाड़ा के उद्घाटन की घोषणा माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी द्वारा सूरत (गुजरात) से**	निदेशालय मुख्यालय सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी
21/09/2022 से 22/09/2022 तक	कार्यालय समय में	**निदेशालय के अनुभागों का राजभाषाई निरीक्षण**	निदेशालय मुख्यालय के सभी अनुभाग
26/09/2022 (सोमवार)	1430-1600 बजे	**कर्मचारियों के लिए:** हिंदी निबंध प्रतियोगिता। **विषय:- "विगत 75 बर्षो में राजभाषा हिंदी की विकास यात्रा"।**	निदेशालय मुख्यालय के सभी कर्मचारी वर्ग।
27/09/2022 (मंगलवार)	1100-1200 बजे	**अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता :- विषय:- "राष्ट्र निर्माण में राजभाषा हिंदी की उपयोगिता "।**	निदेशालय मुख्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी वर्ग।
28/09/2022 (बुधवार)	1430-1630 बजे	**हिंदी कार्यशाला**:- भाग लेने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मोबाइल या पर्सनल कम्प्यूटर से ऑनलाइन जुड़ने का कार्य करेंगे।	निदेशालय मुख्यालय सहित अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी
29/09/2022 (बृहस्पतिवार)	1500-1600 बजे	प्रतियोगिताओं के परिणाम की उद्घोषणा और हिंदी पखवाड़ा का समापन।	निदेशालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी

2. हिंदी निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कर्मचारी " **विगत 75 बर्षो में राजभाषा हिंदी की विकास यात्रा** " विषय पर 900 से 1000 शब्दों में निबंध लिखेंगे ।

3. हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी " **'राष्ट्र निर्माण में राजभाषा हिंदी की उपयोगिता"** विषय पर 05 मिनट अपना व्याख्यान देंगे।

4. निदेशालय के सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने अनुभाग एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्र में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करें और हिंदी निबंध एवं हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का नाम दिनांक 24 सितम्बर 2022 तक निदेशालय के हिंदी अनुभाग में भेजना सुनिश्चित करें। यह भी अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक सरकारी कामकाज यथासंभव राजभाषा हिंदी में ही निष्पादित किए जाएं।

5. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

20.09.2022

(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
फोन नम्बर- 011-24361588
ई-मेल आईडी-rajivkumar.79@dcpw.gov.in

प्रतिलिपि.

1. निदेशक महोदय के प्रधान निजी सचिव : सादर सूचनार्थ
2. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/उप निदेशक
3. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे.
4. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली
5. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली
6. सहायक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) - विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने और कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन प्रतियोगिता/कार्यक्रमों के संचालन हेतु समुचित व्यवस्था करने हेतु।
7. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षक: विभाग की सरकारी वेबसाइट के माध्यम से। अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों हेतु हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के लिए प्रत्येक केन्द्र को रू. 1000/- व्यय करने की सैद्धांतिक मंजूरी निदेशक महोदय द्वारा दी गई **है,** जिसका वहन वे उनके केन्द्र को जारी पेटी कैश (Petty Cash) के अंतर्गत कर सकते हैं। प्रत्येक केंद्र अपने अपने कार्यालयों में तदनुसार कार्यक्रम आयोजित करें।
8. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड